रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार , 5 फरवरी , 2026

वर्ष 02 | अंक 33 कुल पृष्ठ : 8 | Digital


RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

## समूचे समाज को दहला देने वाली घटना

# मोबाइल गेम की लत में 12 से 16 साल की तीन बहनों ने 9 वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली


# सुसाइड नोट में लिखा... सॉरी मम्मी-पापा गेम नहीं छोड़ पा रहे



सुसाइड नोट का हिस्सा

**गाजियाबाद, एजेंसी**

यहां देर रात हुई दर्दनाक घटना में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों ने 9 वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 2 बजे तीनों बहनें हाथ पकड़कर बालकनी से कूद गईं। गिरने की आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। तीनों बहनों की उम्र 12 से 16 साल के बीच है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि तीनों बहनों को टास्क-बेस्ड कोरियन लव गेम की लत थी। पिता ने उन्हें गेम खेलने से मना किया और फटकार लगाई। इसके चलते तीनों बहनों ने यह कदम उठाया। घटना भारत सिटी बी-1 टॉवर के फ्लैट नंबर 907 की है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड आर्डर आलोक प्रियदर्शी ने बताया- पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। अभी तक की जांच में आया है कि तीनों ने सुसाइड किया है। तीनों एक साथ ही रहती थीं। मोबाइल से गेम खेलती थीं। किन परिस्थितियों में सुसाइड किया, इसकी जांच की जा रही हैं। तीनों बहनें जिस रूम में सोती थीं, वहां डायरी में सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा है कि ÷मम्मी पापा सॉरी...गेम नहीं छोड़ पा रही हूं। अब आपको यह एहसास होगा कि हम इस गेम से कितना प्यार करते थे, जिस गेम को आप छुड़वाना चाहते थे। पिता चेतन ने बताया कि 8 से 10 पेज का सुसाइड नोट है। इसमें बेटियों ने सुसाइड और गेम के संबंध में बताया और लिखा कि कोरियन गेम हमारी जिंदगी, हमारी जान है। चेतन कहते हैं- मेरी बच्चियों के साथ बहुत बुरा हुआ। कोई मां-बाप अपने बच्चों को मोबाइल गेम खेलने न दें। कौन सा टास्क हो जाता है, पता नहीं चलता। मुझे पता होता कि क्या टास्क दे रहे हैं तो हम गेम खेलने ही नहीं देते।


वह बिल्डिंग जिसकी नौवीं मंजिल से तीनों बहनें कूदीं।

### स्कूल नहीं जा रही थीं बच्चियां

एसपी अतुल कुमार सिंह ने बताया- लड़कियों की उम्र 12, 14 और 16 साल थी। पिता चेतन ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का काम करते हैं। पुलिस को रात 2:18 बजे सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जिस ऊंचाई से तीनों बच्चियां कूदीं, वहां से जमीन 80 फीट है। तीनों बच्चियां जमीन पर पड़ी मिलीं और गंभीर रूप से घायल थीं। उन्हें एंबुलेंस से लोनी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तीनों बच्चियों 2 साल से स्कूल नहीं जा रही थीं। दिनभर गेम खेलती थीं। आसपास के लोगों से बात भी नहीं करती थीं।

### गेम का टास्क - गोल पूरा करने के बाद सुसाइड

परिवार वालों के अनुसार, तीनों लड़कियां करीब एक साल से ऑनलाइन गेम खेल रही थीं। इस गेम का लास्ट स्टेज था। इसके तहत घर वालों से अंतिम बार मिलकर सबके फोटो लेने थे। इसके बाद सबको एक रूम में बंद हो जानाथा। इसके बाद तीनों को सुसाइड करना था। जिस कोरियन ऑनलाइन गेम के कारण यह घटना घटी, उसके एडमिनिस्ट्रेटर खुद को राजा परिवार से जुड़ा बताते हैं। वे यूजर्स को टास्क देते हैं। इस गेम के आखिर में एक नोट भी लिखा जाता है। नोट उन्हें अधिक प्यार करने वाले मम्मी या पापा को लिखना होता है। इसमें होता है कि सॉरी, मम्मी या पापा, जब हम सुसाइड करते हैं तो हमलोगों की एक अपनी दुनिया बनती है। आनलाइन गेम में पहला टास्क होता है फैमिली से बात नहीं करना और अकेले रहना। इसमें दूसरा टास्क होता है, जब परिवार मोबाइल ले ले तो रोना-धोना। खाना छोड़ देना। लास्ट गोल पूरा करने के बाद सुसाइड करना होता है।

### बड़ी बेटी टास्क देती थी, बाकी दोनों मानती थीं

चेतन बताते हैं- बेटियां 3 साल से गेम खेल रही थीं। कहती थीं कि हम लोगों को कोरिया जाना है। हम कभी उनके कमरे में चले जाते तो तीनों वहां से दूसरे कमरे में चली जाती थीं। बड़ी बेटी प्राची दोनों को टास्क देती थी। दोनों छोटी बेटियां उसकी हर बात मानती थीं। तीनों एक साथ ही रहती थीं। एक साथ ही टॉयलेट और नहाने जाती थीं।

## हनीमून मर्डर केस, सबूत मिटाने के दो आरोपी बरी

**इंदौर, एजेंसी**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। गार्ड बलवीर सिंह अहिरवार और बिल्डिंग मालिक लोकेंद्र सिंह तोमर को सबूतों के अभाव में छोड़ा गया है। शिलॉन्ग पुलिस ने इन्हें सबूत मिटाने के आरोप में गिरफ्तार किया था, लेकिन डिटेल्ड जांच के बाद हत्या से उनका कोई सीधा संबंध सामने नहीं आया।

पुलिस के मुताबिक राजा की हत्या के बाद आरोपियों द्वारा सबूत छिपाने की आशंका के आधार पर शुरुआती कार्रवाई की गई थी। जांच में सामने आया कि हत्या के बाद सोनम और विशाल चौहान लसूड़िया

### राजा-सोनम रघुवंशी मामले में ट्विस्ट



स्थित एक बिल्डिंग में रुके थे। यह बिल्डिंग शिलाम जेम्स के किराए की बताई गई थी, जिसे ब्रोकर के जरिए लिया गया था। रूम का एग्रीमेंट विशाल के नाम पर हुआ था। बिजली बिल और अन्य तकनीकी तथ्यों की जांच के बाद पुलिस को आरोपियों की संलिप्तता के ठोस सबूत नहीं मिले। शिलॉन्ग की ईस्ट खासी हिल्स के एसपी विवेक सिएम ने बताया कि शुरुआती परिस्थितियों और मिली जानकारियों के आधार पर गिरफ्तारी की गई थी। बाद में जांच और वेरिफिकेशन में उनकी भूमिका साबित नहीं हो सकी। इसी कारण दोनों को दोषमुक्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी और राज कुशवाह सहित अन्य आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

## आबकारी इंदौर की कार्यवाही

कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार आज दिनांक 05/02/2026 को नियंत्रण कक्ष प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी जी उप प्रभारी श्री मनोज अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री गोपाल यादव श्री सी के साहू श्री पवन टिकेकर के नेतृत्व में जिला इंदौर के आबकारी स्टाफ ने वृत्त महू ब में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई । आज महू के भौंडिया तालाब,बंजारी,भाटखेड़ी व अन्य स्थानों पर दबिश दी गयी। आज की कार्यवाही में कुल 10 छापों में 10 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क व 34(f) के तहत पंजीबध्द किये गये। आज की कार्यवाही में 210 लिटर हाथ भट्टी मदिरा व 1750 kg महुआ लहान सैंपल लेकर मोके पर नष्ट किया गया |मदिरा,महुआ लहान व सामग्री का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 217000/- रुपए है।

## देवास की ऑटो पार्ट्स फैक्ट्री में भीषण आग

**देवास।** देवास के औद्योगिक क्षेत्र स्थित जीजी ऑटोमैटिव गियर लिमिटेड फैक्ट्री में देर रात भीषण आग लग गई। आग की शुरुआत फैक्ट्री में लगी ग्राइंडर मशीन से हुई, जो आसपास बड़ी मात्रा में रखे ऑयल के कारण तेजी से फैल गई। सूचना मिलते ही नगर निगम सहित आसपास की औद्योगिक इकाइयों की 10 से अधिक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

### भारी हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही स्थगित

## ट्रेड डील ऐतिहासिक, किसानों को कोई नुकसान नहीं: गोयल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में कहा कि देश के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। हालांकि इस दौरान विपक्ष के सांसदों को विरोध प्रदर्शन जारी रहा और जमकर नारेबाजी भी हुई।

उन्होंने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में विपक्षी सासंदों के शोर के बीच कहा कि देश के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई और किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया।



कृषि क्षेत्र के हितों की रक्षा होगी और अमेरिकी बाजार में भारत का निर्यात बढ़ेगा। पीयूष गोयल के संसद में भाषण के साथ ही विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी शुरू कर दी और तख्तियां दिखाकर विरोध किया। जब सांसदों का हंगामा ज्यादा बढ़ गया तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### राहुल गांधी ने बिट्टू को कहा... 'मेरे गद्दार दोस्त'



आज संसद परिसर में राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को अपना गद्दार दोस्त कहा, जिस पर बीजेपी नेता ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल को देश का दुश्मन कहा। जब बिट्टू मकर द्वार पर विरोध कर रहे कांग्रेस सांसदों के पास से गुजरे तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 'देखो, एक गद्दार यहीं से गुजर रहा है। इसका चेहरा देखो।' उन्होंने हाथ बढ़ाया तो बिट्टू ने हाथ मिलाने से मना करते हुए उन्हें देश का दुश्मन कहा।

# सूक्ष्म देहरूपी यंत्र के उचित संचालन की युक्ति सिखाता है सहजयोग

**श्री माताजी प्रणित सहज योग ध्यान पद्धति आज के घोर कलयुग की कड़ी धूप में शीतल छाया के समान एक प्रेममयी उपहार के समान है। आज के समय में जीवन को शीतलता प्रदान कर संतुलित व आनंदमय बनाने वाली वैज्ञानिक ध्यान योग पद्धति है सहजयोग। सहज योग में जब साधक को आत्म साक्षात्कार प्राप्त होता है तो उसके पिंड में स्थित शक्ति सभी सूक्ष्म चक्रों को भेदती हुई सहस्रार लांघ जाती है।**

इसे योग घटित होना कहते हैं। यह कोई मानसिक घटना नहीं है अपितु साधक इस शक्ति को अपने उंगलियों के पोरों तथा सहस्रार पर अनुभव करता है। योग का दूसरा अर्थ है युक्ति। परम पूज्य श्री माताजी कहते हैं कि भगवान ने आपको यह सुंदर मानवीय देह प्रदान की है और आपने इस बहार समय में जन्म लिया है। आत्मसाक्षात्कार



प्राप्त करने के पश्चात आप जान जाते हैं कि इस मानवीय सूक्ष्म यंत्र को कितनी गहनता से संभालना है।इस तथ्य को समझने के लिए श्री माताजी हमें कार का उदाहरण देते हुए कहते हैं कि मान लीजिए आपको एक कार दे दी जाए उसकी पूरी मशीनरी आपके सामने हो लेकिन यदि आपको कार चलाना नहीं आता तो आप उसे चला नहीं सकते। वह आपके लिए निरर्थक हो जाएगी। और यदि आप जबरन कुछ करने की कोशिश करेंगे तो संभव है कि कार को ही खराब कर दें। इसी प्रकार परमात्मा से योग के बिना यदि आप उसके नाम पर कुछ भी करें वह सब कृत्रिम ही है।

इसलिए देहरूपी यंत्र को संभालने के लिए युक्ति व कौशल सीखना आवश्यक है। इसका पहला चरण है कुंडलिनी का अंकुरित होना, उसका जागरण तथा सहस्रार का भेदन । दूसरा चरण होता है इस जागृति को स्थिर करना तथा इसे उच्च चेतना में स्थापित करना। कुंडलिनी जागरण के पश्चात दूसरा चरण कुछ सरल हो जाता है। जो जागृत हो चुका है तथा उसे अपनी इस जागृति के प्रति सच्ची भक्ति हो, यह वास्तविक समझ हो कि वह एक मूल्यवान व्यक्तित्व है ।

वह इस पृथ्वी पर अपना अमूल्य जीवन व्यर्थ गंवाने के लिए नहीं आया है बल्कि एक विशेष उद्देश्य के लिए आया है। ऐसे साधक स्वयं को पूर्ण रूप से योग की कला में पारंगत होने के लिए समर्पित कर देते हैं। प्रतिदिन के नियमित ध्यान द्वारा वे स्वयं को सुषुम्ना मार्ग पर लाने व इस आनंद मार्ग पर स्थिर व स्थित होने की युक्ति सीख जाते हैं। सहजयोग के माध्यम से अपने सूक्ष्म यंत्र को चलाने की निपुणता प्राप्त करने के लिए अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

# दूषित पानी को लेकर मोलंडलेज इंडिया कंपनी पर स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्रवाई



## औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में फैले प्रदूषण पर प्रशासन सख्त

दिव्यानंद अर्गल

मालनपुर। औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित मोलंडलेज इंडिया कंपनी (कैडबरी) द्वारा फैलाए जा रहे दूषित पानी को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी से निकल रहे केमिकल युक्त पानी से आसपास के गांवों में गंभीर बीमारियों के फैलने की शिकायत लंबे समय से की जा रही थी। आस-पास के ग्रामीणों द्वारा दूषित पानी के सैंपल लिए गए, जिसके बाद क्षेत्रीय विधायक केशव देसाई से शिकायत की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक केशव देसाई ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की, जिस पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम का गठन किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कंपनी में की जांच-गठित टीम आज मोलंडलेज इंडिया कंपनी पहुंची। इस टीम का नेतृत्व बीएमओ डॉ. बासुदेव शिकारिया ने किया, जो अपनी पूरी स्वास्थ्य टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। टीम द्वारा कंपनी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फैल रहे दूषित पानी की जांच की गई एवं आवश्यक सैंपल लिए गए।

विधायक केशव देसाई ने जताई कड़ी नाराजगी- जांच के दौरान क्षेत्रीय विधायक केशव देसाई भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कंपनी प्रबंधन द्वारा फैलाए जा रहे दूषित पानी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट शब्दों में कहा कि इससे औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर सहित आसपास के गांवों में कई प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं, जो बेहद चिंताजनक है। विधायक ने कंपनी प्रबंधन को तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो यह मामला इंदौर के भागीरथपुरा जैसे बड़े हादसे में तब्दील हो सकता है।

ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग- इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि दूषित पानी के कारण त्वचा रोग, पेट संबंधी बीमारियां और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग की।

प्रशासन ने दिए जांच के आश्वासन- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संदीपनी शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीडी नगर ग्वालियर में अकादमिक संवाद का आयोजन

दिव्यानंद अर्गल



ग्वालियर :- दिनांक 3 फरवरी 2026 को सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डीडी नगर ग्वालियर में स्कूल लीडर तथा एकेडमिक स्टाफ के मध्य एकेडमिक संवाद का आयोजन किया गया । एकेडमिक संवाद विद्यालय नेतृत्व एवं विद्यालय शिक्षकों के मध्य होने वाली एक शैक्षणिक परिचर्चा है जिसमें विद्यालय में संपन्न हुई शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा एवं आगामी गतिविधियों की क्रियात्मक योजना का निर्माण किया जाता है । यह प्रत्येक माह आयोजित होने वाली एक नियमित गतिविधि है इस माह के अकादमिक संवाद में चर्चा के बिंदु निम्नानुसार रहे।

1 विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार विषय बार आवश्यकताओं की पहचान ।

2 रेमेडियल कक्षाओं का टाइम टेबल के अनुसार विधिवत संचालन की समीक्षा ।

3 परीक्षा के समय विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त वातावरण सुनिश्चित करने हेतु विद्यार्थियों के साथ संवाद की योजना बनाना ।

4 परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने हेतु उपयोगी टिप्स की योजना बनाना ।

5 परीक्षा में ओएमआर शीट को त्रुटि रहित भरने की जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान करने पर चर्चा ।

# जयशंकर-रुबियो ने ट्रेड डील पर कहा- ऊर्जा से लेकर परमाणु तक भारत-अमेरिका में साझेदारी हुई मजबूत

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का स्वागत किया। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। दोनों नेताओं ने व्यापार के साथ-साथ ऊर्जा, परमाणु सहयोग, रक्षा, प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक ऐसे समय हुई है जब अमेरिका बुधवार को पहली 'महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक' की मेजबानी करने जा रहा है। जयशंकर इस बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री से मुलाकात बेहद सार्थक रही और द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी को भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभों के रूप में आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर विशेष जोर दिया। इसे भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला के लिए अहम माना जा रहा है अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जयशंकर और रुबियो ने क्वाड (QUAD) के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को और विस्तार देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# अवैध खनिज परिवहन पर पुलिस सख्त ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जप्त

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देषन में शहडोल जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने के लिए पुलिस विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी अनुक्रम में देवलोंद पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बुडवा की ओर से एक आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर की एवं ट्रॉली में अवैध रेत लोड कर तेज गति से जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक नहीं रुका तथा तेज गति से वाहन चलाते हुए मुख्य मार्ग छोड़कर जंगल के पास नाले में ट्रॉली पलट दी, जिससे ट्रॉली में लोड रेत आंशिक रूप से नाले में गिर गई। पुलिस द्वारा ट्रैक्टर चालक से पूछताछ करने पर उसने



अपना नाम अजय वैस पिता देवीदीन वैस उम्र 23 वर्ष निवासी झिरिया थाना देवलोद बताया।

ट्रॉली में लोड रेत के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। अपराध प्रमाणित पाए जाने पर बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं ट्रॉली में लोड लगभग आधी ट्रॉली रेत को विधिवत जप्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। चालक का कृत्य धारा 303(2), 317 बी.एन.एस., 4/21 खनिज अधिनियम, 130, 177(2), 130(1), 177(3) मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाया गया।जप्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को वैकल्पिक चालक की व्यवस्था कर थाना लाकर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी उ.नि. सुभाष दुबे के नेतृत्व में प्र. आर. सुनीत मिश्रा एवं आर. शिवेश त्रिपाठी की सराहनीय भूमिका रही।

## जंगल में गौवंश कि हत्या, गौमांस की तस्करी का पर्दाफाश

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल गौ तस्करी और गौ मांस के मामलों के बीच एक बार फिर सनसनीखेज घटना सामने आई है। ताजा मामला धनपुरी थाना क्षेत्र का है, जहां जंगल के भीतर एक गाय की निर्मम हत्या कर उसके मांस को डिब्बों में भरकर तस्करी की जा रही थी। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

### झाड़ियों के बीच दो व्यक्ति द्वारा गौंवश को काटने की सूचना

दरअसल धनपुरी थाना क्षेत्र के समीप नीलकंठ मंदिर के पीछे झाड़ियों के बीच दो व्यक्ति गौवंश को काटने की सूचना मिलते ही गौ रक्षक और हिंदू संगठन के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस स्टाफ व गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी की, पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे, जिनमें से एक को पकड़ लिया गया, पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहम्मद अंसार अंसारी, निवासी वार्ड नंबर 11 भुटहीटोला, थाना बुढार, शहडोल है। फरार आरोपी का नाम अज्जू अंसारी, निवासी सिंहपुर है।

### बिरयानी सेंटरों में सप्लाई

मौके से पुलिस ने गौवंश का मांस, धारदार हथियार, रस्सी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि गौमांस को क्षेत्र में संचालित कुछ बिरयानी सेंटरों में सप्लाई किया जाता था।मामले में गोवंश प्रतिषेध अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### फरार आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**गौ रक्षक हिंदू संगठन ने आरोप लगाया कि जिले में लंबे समय से गौमांस का कारोबार चल रहा है, जिसे सख्ती से कुचलने की जरूरत है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। एसडीओपी विकास पाण्डेय ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।**

## सोशल मीडिया पर पत्रकारों की छवि धूमिल करने वाली पोस्ट डालने वाले युवक के खिलाफ दिया ज्ञापन

### पत्रकारों के खिलाफ गलत टिप्पणी करने वालों की खैर नहीं :-

रविंद सिंह पवैया

गवलियर- लोधी पुष्पेंद्र राजपूत नामक युवक के द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट पर मीडिया कर्मियों की छवि धूमिल करने की नीयत से डाली गई गई थी इस पोस्ट को देखकर प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया के निर्देशानुसार महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष महिला पत्रकार राधा राजावत के नेतृत्व में पोस्ट करने पोस्ट करने वाले युवक लोधी पुष्पेंद्र राजावत नाम के व्यक्ति के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एडिशनल एसपी रॉबिन जैन को शिकायती आवेदन देकर कहा



गया कि लोधी पुष्पेंद्र राजावत नामक युवक के द्वारा पत्रकारता जगत में पत्रकारों की छवि धूमिल की जा रही है जिसमें एक अन्य युवक भी शामिल है जो अपने आप को निडर पत्रकार कहता है प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह पवैया के द्वारा बताया गया कि पत्रकारों को देश ज्ञका चौथा स्तंभ कहा जाता है और पत्रकार दूसरों की हितों की लड़ाई लड़कर अपनी जान जोखिम में भी डालता है परंतु आजकल देखने में आ रहा है कि कुछ असामाजिक तत्व के द्वारा जिसमें फेसबुक अकाउंट का नाम लोधी पुष्पेंद्र राजपूत के द्वारा फेसबुक सोशल साइट पर पत्रकारों के लिए अभद्र टिप्पणी एवं बेहूदा फोटो के माध्यम से पत्रकारों की छवि धूमिल की जा रही है इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति का नाम भी आया है जिसका नाम लेखक के तौर पर लिखा गया है आदित्य मानू शर्मा नामक व्यक्ति के द्वारा लिखा गया है जैसा सोशल मीडिया पर प्रतीत हुआ है उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई कर माहौल बिगड़ना वाले ऐसे सामाजिक तत्व के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर मामला दर्ज करे शिकायती आवेदन देने वालों में प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रामनारायण पटेल , सत्येंद्र भदोरिया अशोक सोनी , बंटी शर्मा, नीरज हांडा जिला अध्यक्ष ग्वालियर दिव्यानंद अर्गल, सुमित साहू ,हरिशंकर शर्मा ,बबीता शर्मा ,अंजली बेस,मनू रावत,हरिओम शर्मा एवं अन्य पत्रकार बंधु सम्मिलित रहे।

## मध्य प्रदेश में 33 दिनों में 11 बाघों की मौत

### टाइगर स्टेट में करंट व आपसी संघर्ष इसकी सबसे बड़ी वजह

टाइगर स्टेट कहे जाने वाले मध्य प्रदेश में बाघों की मौत के आंकड़े चिंताजनक हैं। इस साल के शुरुआती 33 दिनों में 11 बाघों की मौत हुई। पिछले वर्ष प्रदेश में 55 बाघों की मौत हुई थी। इनमें अधिकांश बाघों की मौत अभयारण्य के आसपास खेतों में करंट फैलाने या आपसी संघर्ष में हो रही है। सोमवार को एक साथ दो बाघों की मौत हुई। शहडोल जिले के जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र स्थित मसिरा सर्किल में एक बाघ और एक बाघिन के शव पाए गए। दोनों शव 200 मीटर के अंतराल में मिले। इसमें बाघिन की मौत करंट लगने से होने की बात सामने आई है जबकि बाघ की मौत को आपसी संघर्ष बताया जा रहा है। जहां बाघ बाघिन के शव पाए गए हैं, वहां पास में ही खेत में लगी फसल को जानवरों से बचाने के लिए करंट फैलाया गया था।

मध्य प्रदेश में 33 दिनों में बाघों की मौत की सर्वाधिक घटना शहडोल वन वृत्त में हुई है। यहां छह बाघ मारे जा चुके हैं। इनमें चार बाघ बांधवगढ़ और दो बाघ उत्तर वन मंडल के जयसिंहनगर रेंज की वनचाचर बीट में मारे गए। जानकारों का कहना है कि जंगल के आसपास बसे गांवों में करंट फैलाने की घटनाओं पर सिर्फ इसलिए रोक नहीं लग पा रही है, क्योंकि वन विभाग का खुफिया तंत्र पूरी तरह से फेल हो चुका है।

# थाना जूनी इंदौर क्षेत्र अंतर्गत हुई वाहन चोरी की घटनाओं में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है

राजेश धाकड़

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में घटित 02 चार पहिया वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी किए गए वाहनों की अनुमानित कीमत दस लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम द्वारा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। जांच में सामने आया कि आई-20 कार के पूर्व मालिक द्वारा ही वाहन चोरी की योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया गया।




## घटना का विवरण

दिनांक 31/01/2026 की रात्रि को पंजाब नेशनल बैंक के सामने, गुजराती कॉलेज के पीछे निवासी मोहम्मद सोहेल खान की हुंडई आई-20 कार (क्रमांक MP68 ZE 5522) चोरी हो गई थी। इसी प्रकार एक अन्य आई-20 कार (क्रमांक MP09 CS 0806) भी चोरी की गई। वाहन चोरी की रिपोर्ट पर थाना जूनी इंदौर में धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस कार्रवाई,वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित विशेष टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। लगातार प्रयासों के बाद दोनों चोरी गई चार पहिया वाहनों को बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में 24 घंटे के भीतर चोरी का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। पुलिस टीम इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी जूनी इंदौर निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एएसआई किशोर मनागरा,आरक्षक रघुनाथ मालवीय, योगेश जाट, कपिल रावत, दिल्लीक, गोविंद पाटीदार सहित पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

साहस को सलाम...

# 20 बच्चों को बचा लिया... पर खुद न बच सकी

राजेश धाकड़



## नीमच की 'कंचन बाई' ने ममता के लिए दी जान

नीमच| मध्य प्रदेश के नीमच जिले के ग्राम रानपुर में मानवता और अदम्य साहस की एक ऐसी मिसाल सामने आई है, जिसे सुनकर हर किसी की आँखें नम हैं। यहाँ एक आंगनबाड़ी केंद्र में 'जय माता दी स्व-सहायता समूह' की अध्यक्ष कंचन बाई मेघवाल ने अपनी जान की बाजी लगाकर 20 मासूम बच्चों को मौत के मुँह से बाहर निकाल लिया। बच्चों को बचाते-बचाते कंचन बाई खुद हजारों मधुमक्खियों के डंक का शिकार हो गईं और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### तिरपाल बनी सुरक्षा कवच, खुद बनीं ढाल

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर बच्चे खेल रहे थे। अचानक पास के पेड़ से मधुमक्खियों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। नन्हे बच्चों को तड़पते देख कंचन बाई ने एक पल की भी देरी नहीं की। वे पास पड़ी दरी और तिरपाल लेकर बच्चों की ओर दौड़ीं। उन्होंने बच्चों को तिरपाल में लपेटकर सुरक्षित कमरों के भीतर पहुँचाया। इस दौरान हजारों मधुमक्खियां कंचन बाई के शरीर से चिपक गईं, लेकिन उन्होंने तब तक हार नहीं मानी जब तक कि आखिरी बच्चा सुरक्षित नहीं हो गया।

### अस्पताल में तोड़ा दम, गांव में शोक की लहर

हमले के बाद कंचन बाई को गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही पूरे रानपुर गांव में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों का कहना है कि कंचन बाई ने जो किया वह कोई साधारण साहस नहीं, बल्कि सर्वोच्च बलिदान है। कंचन बाई ने बच्चों को बचाने के लिए खुद को दांव पर लगा दिया। अगर वह हिम्मत न दिखातीं, तो आज कई घरों के चिराग बुझ जाते।

### बेसहारा हुआ परिवार, प्रशासन से मदद की मांग

कंचन बाई अपने परिवार की एक मात्र कमाऊ सदस्य थीं। उनके पति शिवलाल पैरालिसिस (लकवा) से पीड़ित हैं और घर में तीन छोटे बच्चे हैं। इस बलिदान केबाद परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों और परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कंचन बाई के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। क्षेत्र के स्कूलों और आंगनबाड़ियों के आसपास से खतरनाक छत्तों को हटाया जाए।कंचन बाई की बहादुरी को देखते हुए उन्हें मरणोपरांत राजकीय सम्मान या वीरता पुरस्कार दिया जाए।


# जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स



दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें
सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888


# भारत-अमेरिका ट्रेड डील ऐतिहासिक,नहीं होगा कोई नुकसानः पीयूष गोयल

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच हुए बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर संसद में सियासी गर्मी तेज हो गई। बजट सत्र के दौरान लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत–अमेरिका ट्रेड डील पर सरकार का पक्ष रखते हुए इसे ऐतिहासिक करार दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस समझौते में देश के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि किसानों, कृषि क्षेत्र और दुग्ध उद्योग को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। हालांकि, मंत्री के बयान के दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी की, तख्तियां लहराईं और सदन का माहौल लगातार तनावपूर्ण बना रहा। पीयूष गोयल ने लोकसभा में शोर-शराबे के बीच कहा कि भारत सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में बेहद सावधानी और मजबूती के साथ अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसी दबाव में नहीं बल्कि व्यापक विचार-विमर्श, लंबी बातचीत और सभी संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखकर किया गया है। गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों के हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं और इस डील में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को लेकर विपक्ष द्वारा जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने बताया कि इस ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को अमेरिकी बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और भारतीय कृषि वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनेगी। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत ने कभी भी अपने किसानों के हितों को गिरवी रखकर कोई समझौता नहीं किया है।

# भाजपा या शिवसेना, मुंबई में किसका होगा नया मेयर, 11 फरवरी को हो जाएगा फैसला .

मुंबई को नया मेयर 11 फरवरी को मिल जाएगा, लेकिन मेयर भाजपा का होगा या शिवसेना शिंदे गुट का, यह अब तक फाइनल नहीं हुआ है। बीएमसी के चुनाव का लगभग एक महीना बीत चुका है और अब मुंबई को नया मेयर मिलने जा रहा है, बता दें कि मेयर का पद सामान्य वर्ग की महिला पार्षद के लिए आरक्षित किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मेयर पद के लिए पात्र उम्मीदवार सात फरवरी को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 11 फरवरी है और उसी दिन दोपहर 12 बजे मुंबई के 78वें मेयर के लिए चुनाव होंगे और मेयर चुन लिया जाएगा।

»» **भाजपा और शिवसेना शिंदे ने जीते हैं 118 सीट-**एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 15 जनवरी को हुए चुनावों में चुने गए सभी 227 पार्षदों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो गया है। बता दें कि बीएमसी में 227 वार्ड हैं, इस बार के चुनाव में भाजपा ने सबसे ज्यादा 89 सीटें जीती हैं, जबकि उसकी सहयोगी शिंदे गुट की शिवसेना को 29 सीटों पर जीत मिली है। इस तरह भाजपा शिंदे सेना के गठबंधन ने कुल 118 सीट पर जीत हासिल की है। मुंबई महानगरपालिका चुनाव के लिए 15 जनवरी को वोट डाले गए थे जबकि 16 जनवरी को वोटों की गिनती हुई थी।

# रिकॉर्ड समय में समझौता: दो दशक का इंतजार खत्म

## भारत-ईयू इसी साल करेंगे मेगा ट्रेड डील पर हस्ताक्षर




भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफडीए) फिलहाल अंतिम कानूनी जांच-पड़ताल के चरण में है और दोनों पक्ष इसे शीघ्र पूरा कर इस वर्ष लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत में ईयू के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने इसे खोखला नहीं बल्कि बेहद ठोस समझौता बताते हुए कहा कि आधिकारिक हस्ताक्षर से पहले कानूनी प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं, ताकि समझौता जल्द प्रभाव में आ सके। डेल्फिन के अनुसार इस एफटीए के पीछे साझा आर्थिक हित, परस्पर पूरकता, बाजार का बड़ा आकार, सप्लाई चेन का विविधीकरण और जोखिम कम करने जैसे प्रमुख कारक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के कारोबारी समुदायों में समझौते को लेकर उत्साह है, क्योंकि इससे सप्लाई चेन एकीकरण, निवेश और वर्कर मोबिलिटी के नए अवसर खुलेंगे। राजदूत ने हाल ही में हस्ताक्षरित भारत-ईयू सुरक्षा एवं रक्षा साझेदारी को भी महत्वपूर्ण राजनीतिक कदम बताया। उनके मुताबिक यह पिछले पांच वर्षों की सुरक्षा-रक्षा वार्ताओं की स्वाभाविक प्रगति है और इससे दोनों पक्षों के बीच भरोसा मजबूत हुआ है। अगले चरण में गोपनीय सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए "सिक्योरिटी आफ इन्फार्मेशन एग्रीमेंट'' पर बातचीत और रक्षा उद्योग में सह-विकास व सह-निवेश की संभावनाएं शामिल हैं। उन्होंने संकेत दिया कि इस साझेदारी से भारतीय नौसेना और यूरोपीय नौसेनाओं के बीच "हद महासागर में सुरक्षित समुद्री मार्गों की रक्षा, साइबर और हाइब्रिड खतरों से निपटने तथा एआइ की सुरक्षा संबंधी सहयोग भी गहरा होगा। भविष्य में यूरोपीय सैन्य प्लेटफार्म की तैनाती उद्योग और परिचालन जरूरतों पर निर्भर करेगी, लेकिन ज्यादा सहयोग की इच्छा स्पष्ट है।

# ट्रंप ने स्पेंडिंग बिल पर किए साइन

## अमेरिकी सरकार का खत्म हुआ शटडाउन

राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने मंगलवार को स्पेंडिंग बिल पर हस्ताक्षर किए। इससे चार दिनों से चल रहे आंशिक सरकारी शटडाउन का अंत हो गया। यह शटडाउन डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा उनकी व्यापक आव्रजन कार्रवाई को अंजाम देने वाली संघीय एजेंसी के लिए धन के विरोध के कारण शुरू हुआ था।यह कानून व्हाइट हाउस में ट्रंप की डेस्क पर तब पहुंचा, जब दिन में पहले रिपब्लिकन-कंट्रोल हाउस में यह 217-214 के मामूली अंतर से पास हुआ था। इक्कीस डेमोक्रेट्स ने फंडिंग पैकेज के लिए वोट देने में रिपब्लिकन का साथ दिया और उतने ही रिपब्लिकन ने डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (DHS) में सुधार के लिए डेमोक्रेटिक मांगों को मानने के बजाय इसका विरोध किया।



**»» पास किया गया पैकेज-** मिनियापोलिस में फेडरल एजेंटों द्वारा दो अमेरिकी नागरिकों की हत्या के बाद डीएसएस के लिए नए फंड पर बातचीत टूट गई। मिनियापोलिस मिनेसोटा का वह शहर है जो रिपब्लिकन राष्ट्रपति की इमिग्रेशन पर सख्ती का केंद्र बन गया है। शुक्रवार को सीनेट ने एक पैकेज पास किया, जिसमें सितंबर तक ज्यादातर फेडरल एजेंसियों को कवर करने के लिए पांच बकाया फंडिंग बिल पास किए गए। साथ ही डीएचएस को चालू रखने के लिए दो हफ्ते का एक अंतरिम उपाय भी किया गया, जब तक कि सांसद इमिग्रेशन लागू करने की पॉलिसी पर बातचीत कर रहे हैं।

**»» ट्रंप पर था दबाव-** ट्रंप ने पिछले समर में रिकॉर्ड 43 दिनों के सरकारी शटडाउन का सामना किया था। रिपब्लिकन पर खर्च बिल पास करने और शनिवार को शुरू हुए शटडाउन को खत्म करने के लिए दबाव डाल रहे थे। उन्होंने व्हाइट हाउस में साइनिंग सेरेमनी में कहा, "यह बिल अमेरिकी लोगों के लिए एक बड़ी जीत है।" सोमवार को डीएचएस सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि शहर में फेडरल एजेंट तुरंत बॉडी कैमरे पहनेंगे और बाद में इस कदम को पूरे देश में फैलाया जाएगा।

# जयशंकर-रुबियो ने ट्रेड डील पर कहा- ऊर्जा से लेकर परमाणु तक भारत-अमेरिका में साझेदारी हुई मजबूत



भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में द्विपक्षीय बैठक के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का स्वागत किया। यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। दोनों नेताओं ने व्यापार के साथ-साथ ऊर्जा, परमाणु सहयोग, रक्षा, प्रौद्योगिकी और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक ऐसे समय हुई है जब अमेरिका बुधवार को पहली 'महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय बैठक' की मेजबानी करने जा रहा है। जयशंकर इस बैठक में भाग लेने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्री से मुलाकात बेहद सार्थक रही और द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी को भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख स्तंभों के रूप में आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है।अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप देने पर विशेष जोर दिया। इसे भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी आपूर्ति श्रृंखला के लिए अहम माना जा रहा है अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि जयशंकर और रुबियो ने क्वाड (QUAD) के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग को और विस्तार देने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों ने इस बात पर सहमति जताई कि समृद्ध और स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र भारत और अमेरिका के साझा हितों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि यह बैठक ऐसे समय हुई है जब राष्ट्रपति ट्रंप ने घोषणा की है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत अमेरिकी जवाबी शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा, जिसे दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में बड़ा कदम माना जा रहा है।

## काला कोट, काली चादर और अदालत का मंच: जब सुप्रीम कोर्ट में दिखीं 'एडवोकेट' ममता बनर्जी, 29 साल पुरानी लड़ाई फिर हुई ज़िंदा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जब बुधवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं, तो यह केवल एक संवैधानिक सुनवाई भर नहीं थी। यह एक ऐसा दृश्य था, जिसने बंगाल की राजनीति, न्याय की लड़ाई और ममता बनर्जी के जुझारू व्यक्तित्व की 29 साल पुरानी स्मृतियों को एक साथ जीवित कर दिया। सफेद साड़ी, काली चादर और गंभीर मुद्रा में ममता बनर्जी को शीर्ष अदालत में याचिकाकर्ता के रूप में अपना पक्ष रखते देख, न सिर्फ कानूनी गलियारों में चर्चा तेज हुई, बल्कि बंगाल के लोगों को वह दौर याद आ गया, जब ममता बनर्जी ने सचमुच एक वकील का काला गाउन पहनकर अदालत में पुलिस और प्रशासन को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी की मौजूदगी अपने आप में असाधारण इसलिए भी रही, क्योंकि वह केवल एक मुख्यमंत्री या राजनीतिक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्ति के रूप में सामने आईं, जिसने न्याय की लड़ाई को हमेशा व्यक्तिगत संघर्ष की तरह लड़ा है। अदालत में उनकी वेशभूषा, उनका आत्मविश्वास और उनकी दलीलों की शैली ने यह संकेत दे दिया कि यह उनके लिए कोई नई भूमिका नहीं है। दरअसल, यह वही मंच था, जहां उनकी पुरानी पहचान एक बार फिर सामने आ गई — एक ऐसी नेता, जो ज़रूरत पड़ने पर कानून की किताबें उठाकर खुद अदालत में खड़ी हो जाती है। इस पूरे घटनाक्रम ने जुलाई 1997 की उस घटना को ताजा कर दिया, जो आज भी हुगली जिले के गुप्तीपाड़ा क्षेत्र में लोगों की स्मृति में दर्ज

### भारत के लिए मैच जीतने की कोशिश हमेशा जारी रहेगी,

# पद्म श्री से सम्मानित होने पर बोले हिटमैन रोहित शर्मा, जताया आभार

**दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पद्म श्री से सम्मानित होने पर आभार जताते हुए इसे अपने और परिवार के लिए एक खास पल बताया है। रोहित का कहना है कि वह भारत के लिए मैच जीतना जारी रखेंगे। %पद्म श्री% से सम्मानित होने को रोहित शर्मा ने खास पल बताते हुए उन सभी लोगों को धन्यवाद दिया है, जिन्होंने क्रिकेट करियर में उनका साथ दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दूरदर्शन स्पोर्ट्स की ओर से शेयर किए गए वीडियो में रोहित ने कहा, पद्म श्री मिलना मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल है। मैं इस सम्मान के लिए भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं। मैं उन सभी लोगों का भी आभारी हूं, जिन्होंने मेरे करियर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने देश के लिए मैच और ट्रॉफियां जीतने की मेरी कोशिश हमेशा जारी रहेगी। धन्यवाद। जय हिंद। रोहित शर्मा ने साल 2007 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। पिछले 19 वर्षों में वह तीनों फॉर्मेट में भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे। उन्होंने बतौर बल्लेबाज और कप्तान, भारतीय क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी जीतकर सबसे छोटे फॉर्मेट में आईसीसी खिताब का लंबा इंतजार खत्म किया। अगले ही साल भारत को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब भी जिताया।



## रोहित का शानदार रहा क्रिकेट करियर

रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर में 67 मैच खेले, जिसकी 116 पारियों में 40.57 की औसत के साथ 4,301 रन बनाए। इस दौरान 12 शतक और 18 अर्धशतक लगाए। इसके अलावा, उन्होंने 282 वनडे मुकाबलों में 48.84 की औसत से 11,577 रन बनाए। इस दौरान 33 शतक और 61 अर्धशतक लगाए। रोहित शर्मा भारत की तरफ से 159 टी20 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 5 शतक और 32 अर्धशतकों के साथ 4,321 रन जुटाए, जिससे वह इस फॉर्मेट के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। भले ही रोहित शर्मा टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले चुके हैं, लेकिन वह अभी भी वनडे में टीम के लिए शानदार रन बना रहे हैं। फैंस चाहते हैं कि रोहित वनडे वर्ल्ड कप 2027 खेलें।



# पाकिस्तान में बढ़ती अस्थिरता से चीन के सीपेक निवेश पर खतरा

**बाजार**

**रोम ।** पाकिस्तान में लगातार गहराती राजनीतिक और सुरक्षा अस्थिरता चीन के बहुचर्चित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि चीनी अधिकारी इस्लामाबाद तक सुरक्षित रूप से यात्रा नहीं कर पाते हैं, तो चीन को पाकिस्तान के साथ अपने जुड़ाव के दायरे पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है। फिलहाल इस्लामाबाद के सामने खड़ी हर नई चुनौती सीपेक की प्रगति के लिए खतरा बनती जा रही है और क्षेत्र में बीजिंग के अरबों डॉलर के निवेश को कमजोर कर रही है। इटली के इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल पॉलिटिकल स्टडीज (आईएसपीआई) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान पर अपनी पकड़ मजबूत करने तथा पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिमी सीमाओं पर आर्थिक रूप से समृद्ध और स्थिर क्षेत्र बनाने की चीन की महत्वाकांक्षाएं हालिया घटनाक्रमों के चलते कठिन होती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि अक्टूबर 2025 में पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया था, जब दोनों देशों की साझा सीमा पर घातक मिसाइल हमले हुए। सितंबर 2021 में काबुल में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से ही पाकिस्तान और अफगान तालिबान के रिश्तों में लगातार गिरावट देखी जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ÷करीब एक दशक पहले इस्लामाबाद पर 62 अरब डॉलर का दांव लगाने के बाद बीजिंग अब क्षेत्र में स्थिरता को लेकर बेहद चिंतित है।

# एयरक्राफ्ट के बाद अब हेलिकॉप्टर मैन्युफैक्चरिंग में उतरेगा अदाणी ग्रुप

**अहमदाबाद ।** अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस ने इटली की कंपनी लियोनार्डो के साथ मंगलवार को रणनीतिक साझेदारी का ऐलान किया। इसके तहत दोनों कंपनियां मिलकर भारत में हेलिकॉप्टर मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम विकसित करेंगी। दोनों कंपनियों ने एक साझा बयान में कहा,÷इस ऐतिहासिक साझेदारी के अंतर्गत देश में हेलिकॉप्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक एकीकृत इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश की बढ़ती सैन्य मांग और भारत को हेलिकॉप्टर उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है।÷



बयान में आगे कहा गया कि भारतीय सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं के अनुरूप विशेष रूप से लियोनार्डो के एडवांस एडब्ल्यू169एम और एडब्ल्यू109 ट्रेकरएम हेलीकॉप्टरों को लक्षित करते हुए, यह सहयोग चरणबद्ध तरीके से स्वदेशीकरण, मजबूत रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) क्षमताओं में वृद्धि करेगा और व्यापक पायलट प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

लियोनार्डो की विश्व स्तरीय हेलीकॉप्टर डिजाइन और इंजीनियरिंग दक्षता को अदाणी डिफेंस की संपूर्ण डिफेंस और एयरोस्पेस की विशेषज्ञता के साथ मिलाकर, यह पहल आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है और राष्ट्रीय रक्षा तैयारियों को मजबूत करती है और भविष्य में इसका नागर विमानन के क्षेत्र से लेकर अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण तक विस्तार किया जा सकता है। यह इकोसिस्टम इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और रखरखाव सेवाओं में हजारों उच्च-कुशल नौकरियां पैदा करेगा और भारत को हेलीकॉप्टर उत्पादन के लिए एक प्रतिस्पर्धी केंद्र के रूप में स्थापित करेगा।

# जब पुरस्कार ने गुरु को नहीं, गुरु ने पुरस्कार को सम्मान दिया

68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स की रात कला, संगीत और मानवीय मूल्यों के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गई, जब 90 वर्षीय दलाई लामा को उनके जीवन का पहला ग्रैमी सम्मान प्राप्त हुआ। "मेडिटेशंसः द रिफ्लेक्शंस ऑफ हिज होलिनेस द दलाई लामा" नामक स्पोकेन वर्ड एल्बम को बेस्ट ऑडियो बुक, नैरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग श्रेणी में चुना जाना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं था, बल्कि शांति, करुणा और वैश्विक सद्भाव की जीत थी। यह पुरस्कार उस विचारधारा की स्वीकृति बन गया, जो मानवता को जोड़ने का कार्य करती है। इस सम्मान ने यह प्रमाणित किया कि सच्चे विचार समय, सीमाओं और भाषाओं से परे जाकर सीधे हृदय तक पहुंचते हैं। दलाई लामा का जीवन स्वयं संघर्ष, साधना और सेवा की एक प्रेरक गाथा है। 1935 में तिब्बत में जन्मे तेनजिन ग्यात्सो को बचपन में ही 14वें दलाई लामा के रूप में पहचान मिली और बहुत कम उम्र में ही उन्होंने आध्यात्मिक नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल ली। 1959 में भारत आकर उन्होंने धर्मशाला को अपना स्थायी केंद्र बनाया और वहीं से पूरी दुनिया में अहिंसा, करुणा और संवाद का संदेश फैलाया। 1989 में नोबेल शांति पुरस्कार मिलने के बाद वे विश्व मंच पर मानवता की आवाज बन गए। उनका संपूर्ण जीवन यह सिखाता है कि सादगी, संयम और सेवा के माध्यम से भी दुनिया में गहरा परिवर्तन लाया जा सकता है।

"मेडिटेशंस" एल्बम दलाई लामा के विचारों और जीवन-दर्शन का एक सशक्त और संवेदनशील दस्तावेज है। इसमें उन्होंने सद्भाव, दया, पर्यावरण संरक्षण, मानसिक संतुलन और मानव एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल लेकिन गहन चिंतन प्रस्तुत किया है। उनकी शांत, गंभीर और आत्मीय आवाज श्रोताओं के मन को छूते हुए भीतर तक उतर जाती है। यह एल्बम केवल सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मअनुभूति का मार्ग बन जाता है। आधुनिक जीवन की तेज रफ्तार और बढ़ते तनाव के बीच यह रचना मन को ठहराव, शांति और संतुलन प्रदान करती है। इस एल्बम की सबसे बड़ी विशेषता इसका भावपूर्ण और संतुलित संगीत संयोजन है। भारतीय शास्त्रीय संगीत के महान साधक उस्ताद अमजद अली खान और उनके पुत्र अमान तथा अयान अली बंगाश ने सरोद की मधुर धुनों के माध्यम से इसमें आत्मा भर दी है। इन सुरों ने दलाई लामा के शब्दों को और अधिक संवेदनशीलता तथा गहराई प्रदान की है। साथ ही पश्चिमी कलाकारों की सहभागिता ने इसे अंतरराष्ट्रीय स्वरूप दिया है। यह सहयोग इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब पूर्व और पश्चिम की सांस्कृतिक धाराएं मिलती हैं, तो मानवता के लिए एक नया, सुंदर और स्थायी संदेश जन्म लेता है। एल्बम के निर्माण में सहयोग, समर्पण और संवेदनशीलता इसकी सबसे मजबूत आधारशिला रही। दलाई लामा के सौ घंटों से भी अधिक लंबे भाषणों को चयनित कर, उन्हें संगीत के साथ संतुलित रूप में प्रस्तुत करना एक अत्यंत कठिन और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य था। इसके लिए कलाकारों और निर्माताओं ने गहरी समझ, धैर्य और सम्मान का परिचय दिया। हर शब्द और हर स्वर को इस तरह पिरोया गया कि उसका मूल भाव सुरक्षित रहे। दलाई लामा स्वयं मानते हैं कि संगीत मन और आत्मा के बीच सेतु का कार्य करता है, जो भावनाओं को सीधे स्पर्श करता है। इसी कारण यह एल्बम केवल बौद्ध दर्शन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि हर उम्र, हर वर्ग और हर संस्कृति के लोगों से संवाद स्थापित करता है। पुरस्कार समारोह के दौरान अमेरिकी गायक रूफस वेनराइट द्वारा पुरस्कार स्वीकार करना भी एक अत्यंत भावनात्मक और स्मरणीय क्षण बन गया। उन्होंने विनम्रता और सम्मान के साथ कहा कि दलाई लामा की बुद्धिमत्ता, करुणा और सादगी ही इस एल्बम की वास्तविक आत्मा है। उनके शब्दों पर सभागार में गूंजती तालियां यह दर्शा रही थीं कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उन सार्वभौमिक मूल्यों को समर्पित है, जिनका दलाई लामा वर्षों से प्रतिनिधित्व करते आए हैं। स्वयं दलाई लामा ने भी इस उपलब्धि को व्यक्तिगत सफलता न मानकर मानवता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी की स्वीकृति बताया, जो उनकी गहन विनम्रता और दूरदृष्टि को प्रकट करता है। वर्तमान समय की जटिल परिस्थितियों में यह पुरस्कार और भी अधिक अर्थपूर्ण बन जाता है। आज की दुनिया महामारी, जलवायु संकट, मानसिक दबाव और सामाजिक विभाजन जैसी गंभीर चुनौतियों से गुजर रही है। ऐसे कठिन दौर में दलाई लामा का संदेश हमें भीतर झांकने, स्वयं को समझने और दूसरों के प्रति सहानुभूति विकसित करने की प्रेरणा देता है। उनका विश्वास है कि प्रत्येक व्यक्ति की खुशी दूसरों की भलाई से जुड़ी हुई है। "मेडिटेशंस" एल्बम इसी विचार को सरल, सहज और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे युवा पीढ़ी भी इसे आसानी से अपनाकर अपने जीवन में उतार सके। भारत में दलाई लामा का जीवन, संघर्ष और योगदान विशेष महत्व रखता है। धर्मशाला को केंद्र बनाकर उन्होंने भारत की भूमि से पूरी दुनिया को शांति, संवाद और सह-अस्तित्व का संदेश दिया। भारतीय कलाकारों की सक्रिय भागीदारी इस एल्बम को सांस्कृतिक दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाती है। सरोद जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्रों का प्रयोग यह दर्शाता है कि परंपरा और आधुनिकता एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यह रचनात्मक सहयोग भारत और तिब्बत की साझा सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाते हुए मानवीय एकता की भावना को और गहराई प्रदान करता है।

इस ग्रैमी जीत का प्रभाव केवल वर्तमान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले वर्षों तक अपनी प्रेरक छाप छोड़ता रहेगा। यह उपलब्धि स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि आध्यात्मिक, चिंतनशील और मूल्य-आधारित रचनाएँ भी मुख्यधारा की लोकप्रियता प्राप्त कर सकती हैं। मीडिया और वैश्विक मंचों पर मिली व्यापक चर्चा ने शांति, करुणा, पर्यावरण संरक्षण और मानसिक संतुलन जैसे विषयों को फिर से समाज के केंद्र में स्थापित कर दिया है। इससे विशेष रूप से युवा पीढ़ी में यह चेतना जागृत होती है कि वास्तविक सफलता केवल प्रसिद्धि, संपत्ति या प्रतिस्पर्धा से नहीं, बल्कि समाज और मानवता के लिए किए गए सकारात्मक योगदान से भी आंकी जाती है। दलाई लामा का पहला ग्रैमी पुरस्कार संपूर्ण मानव समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर उभरता है। 90 वर्ष की उम्र में यह सम्मान उनकी निरंतर साधना, निस्वार्थ सेवा और अटूट समर्पण का जीवंत प्रमाण है।

## आईसीसी ने पाकिस्तान को सुना दिया फाइनल अल्टीमेटम!

# वर्ल्ड कप से बाहर होने की आ सकती है नौबत कानूनी लड़ाई का भी करना पड़ सकता है सामना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को चेतावनी दी है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के बहिष्कार की स्थिति में उसे टी20 वर्ल्ड कप के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर जियोस्टार की ओर से कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह जानकारी मंगलवार को क्क्क्के एक सूत्र ने दी।

पाकिस्तान ने अपनी सरकार के निर्देश पर 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया है, लेकिन अब तक उसने आईसीसी को आधिकारिक रूप से इसके कारणों की जानकारी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी पाकिस्तान की पूरी सालाना रेवेन्यू शेयर राशि रोक सकता है, जो लगभग 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, और उस रकम से ब्रॉडकास्टर को भुगतान किया जा सकता है।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि हालांकि बोर्ड चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ को इस मुद्दे पर जानकारी देने से पहले बोर्ड के कानूनी विशेषज्ञों से सलाह ली थी, लेकिन इसके बावजूद बोर्ड गंभीर परिणामों के लिए खुद को तैयार मान रहा है।



### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड हो जाएगा तबाह

सूत्र ने कहा, अगर पाकिस्तान भारत के खिलाफ खेलने के अपने फैसले से पीछे नहीं हटता है, तो उसे न केवल आर्थिक दंड का सामना करना पड़ेगा, बल्कि ब्रॉडकास्टर की ओर से मुकदमे का भी सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, आईसीसी की डिस्प्यूट रेजोल्यूशन कमेटी में जाने की कोशिश भी विफल होने की संभावना है। आईसीसी की डीआरसी एक आंतरिक समिति है, जो अपने ही बोर्ड के फैसलों के खिलाफ अपील नहीं सुनती। पीसीबी के एक अन्य सूत्र ने कहा, सरकारी निर्देश के बावजूद पीसीबी को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पाकिस्तान अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू (श्रीलंका) में खेल रहा है, जो उसकी अपनी मांग पर तय किया गया है, न कि भारत में। सूत्र ने आगे कहा, दूसरी बात यह है कि भारतीय सरकार ने भले ही अपनी टीम को पाकिस्तान जाकर खेलने की अनुमति नहीं दी हो, लेकिन उसने एशिया कप या आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूट्रल वेन्यू पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से कभी नहीं रोका है, यहां तक कि मई में हुए संघर्ष के बाद भी।

### क्या नक़वी बांग्लादेश चुनाव के बाद यू-टर्न लेंगे?

एक विचारधारा यह भी है कि मोहसिन नक़वी, जो पाकिस्तान के गृहमंत्री भी हैं, बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होने और मौजूदा सरकार की जगह लोकतांत्रिक सरकार आने के बाद अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सकते हैं। एक सूत्र ने कहा, नक़वी एक क्रिकेट प्रशासक से ज्यादा एक राजनेता हैं और उन्हें राष्ट्रीय टीम की भलाई से खास मतलब नहीं है। वह राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं और चुनाव के बाद अपना रुख बदल सकते हैं। सूत्र ने आगे कहा भारत के खिलाफ मैच से पहले अभी भी दो दिन का समय होगा और हालात बदल सकते हैं। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो नक़वी जानते हैं कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अलग-थलग किया जा सकता है।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## राधिका मदान संग रोमांस करेंगे अली फजल

# लस्ट स्टोरीज 3 के टीजर ने मचाई हलचल, दिखेंगे नए स्टार्स





नेटफ्लिक्स इंडिया 2026 में ऑनलाइन स्ट्रीम होने वाली नई फिल्मों और सीरीज की अनाउंसमेंट कर दी है। इसके साथ ही, मेकर्स ने लस्ट स्टोरीज 3 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट भी कर दी। इस पॉपुलर एंथोलॉजी की तीसरी किस्त में 4 शॉर्ट फिल्मों को दिखाया जाएगा। अलग-अलग स्टोरी के अलग डायरेक्टर्स होंगे। जिसमें विक्रमादित्य मोटवाने, शकुन बत्रा, किरण राव, और विशाल भारद्वाज का नाम शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि हर डायरेक्टर एक अलग कहानी बताएगा जो प्यार, इच्छा, पावर डायनामिक्स और सामाजिक हायरार्की को एक नए तरीके से देखेगी। लस्ट स्टोरीज 3 को रॉनी स्क्रूवाला और आशी दुआ ने प्रोड्यूस किया है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक क्लिप शेयर की है। जिससे इस सीजन की स्टार कास्ट का खुलासा हो गया है। विक्रमादित्य मोटवाने की फिल्म में राधिका आप्टे और कोंकणा सेन शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। वहीं, शकुन बत्रा की कहानी में अली फजल और राधिका मदान की जोड़ी देखने को मिलेगी। किरण राव ने अपनी फिल्म के लिए गुरफतेह पीरजादा और नई एक्ट्रेस सना थम्पी को चुना है। इसके अलावा, विशाल भारद्वाज एक बार फिर अदिति राव हैदरी के साथ काम कर रहे हैं।

### लस्ट स्टोरीज 3 में क्या होगा खास?

लस्ट स्टोरीज 3 चार ऐसी छोटी फिल्मों का कलेक्शन है. जो इमोशनली ऑडियंस पर गहरा असर छोड़ने के लिए तैयार हैं. मेकर्स के मुताबिक, यह सीजन रिश्तों की जटिलताओं, दबी हुई इच्छाओं और मानवीय संबंधों के बीच की इंटिमेसी को गहराई से एक्सप्लोर करेगा. इस एंथोलॉजी की सबसे बड़ी खूबी यही रही है कि यह महिलाओं की सेक्शुअलिटी और उनकी जरूरतों पर बिना किसी हिचकिचाहट के बात करती है, जिसे दर्शकों ने पिछले दो सीजन में काफी सराहा है.

**भारत-अमेरिका**

### ट्रेड डील ऐतिहासिक, नहीं होगा कोई नुकसानः पीयूष गोयल

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच हुए बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर संसद में सियासी गर्मी तेज हो गई। बजट सत्र के दौरान लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत–अमेरिका ट्रेड डील पर सरकार का पक्ष रखते हुए इसे ऐतिहासिक करार दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस समझौते में देश के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि किसानों, कृषि क्षेत्र और दुग्ध उद्योग को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। हालांकि, मंत्री के बयान के दौरान विपक्षी सांसदों ने जोरदार नारेबाजी की, तख्तियां लहराई और सदन का माहौल लगातार तनावपूर्ण बना रहा। पीयूष गोयल ने लोकसभा में शोर-शराबे के बीच कहा कि भारत सरकार ने अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में बेहद सावधानी और मजबूती के साथ अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसी दबाव में नहीं बल्कि व्यापक विचार-विमर्श, लंबी बातचीत और सभी संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखकर किया गया है। गोयल ने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों के हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं और इस डील में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र को लेकर विपक्ष द्वारा जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने बताया कि इस ट्रेड डील से भारतीय कृषि उत्पादों को अमेरिकी बाजार में बेहतर अवसर मिलेंगे और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और भारतीय कृषि वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनेगी। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत ने कभी भी अपने किसानों के हितों को गिरवी रखकर कोई समझौता नहीं किया है और न ही आगे ऐसा किया जाएगा। पीयूष गोयल ने अपने भाषण में दुग्ध क्षेत्र को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि डेयरी सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण आजीविका की रीढ़ है और सरकार इस क्षेत्र के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत के दौरान दुग्ध क्षेत्र को लेकर भारत की चिंताओं को मजबूती से रखा गया और अंततः इस बात पर सहमति बनी कि भारतीय दुग्ध उद्योग के हित सुरक्षित रहेंगे। गोयल ने कहा कि यह डील दोनों देशों के लिए लाभकारी है, लेकिन भारत के संवेदनशील क्षेत्रों से कोई समझौता नहीं किया गया।



## बद्रीनाथ में लगातार गिर रही है बर्फ, स्वर्ग-सा नजारा

*बद्रीनाथ धाम में पिछले कई दिनों से भारी बर्फबारी जारी है। आज सुबह तक रुक-रुक कर हिमपात हुआ, जिससे धाम क्षेत्र में दो फीट तक बर्फ जम गई है। पूरी घाटी बर्फ की सफेद चादर से ढक गई है। विश्व प्रसिद्ध बद्री विशाल का मंदिर इस समय पूरी तरह बर्फ से ढका हुआ है। मंदिर परिसर, मुख्य द्वार और आसपास की पहाड़ियां भी बर्फ की मोटी परत से ढकी हैं। दूर-दूर तक केवल बर्फ की सफेद चादर ही दिखाई दे रही है। मंदिर की बर्फ से ढकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं।*

# तीनों धामों में बर्फबारी का दौर, दिल्ली में आंधी का अलर्ट

**नई दिल्ली/शिमला/देहरादून, एजेंसी**

देश के उत्तरी राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, यूपी, बिहार, उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में मौसम लगातार सर्द बना हुआ है। बर्फबारी के बाद उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

मैदानी राज्यों में उत्तर से आनी वाली हवाओं ने फिर से सर्दी बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब-चंडीगढ़, हरियाणा दिल्ली में सुबह से घना कोहरा छाया है। सुबह 6.30 बजे आदमपुर, अंबाला, कानपुर, बरेली, प्रयागराज, ग्वालियर में विजिबिलिटी जीरो रही। मौसम विभाग ने दिल्ली में बिजली गिरने और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया है। पड़ोसी राज्य हरियाणा और चंडीगढ़ में भी ऐसे ही हालात रहने की आशंका है। अगले 7 दिन में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र तीन पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस से प्रभावित रहेगा। यानी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में ओला-बारिश और सर्द हवाएं चलेंगी।वेस्टर्न डिस्टरबेंस भूमध्यसागर क्षेत्र से आने वाला पश्चिमी हवाओं का मौसमी सिस्टम है, जो उत्तर भारत में सर्दियों के दौरान बारिश और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी कराता है।

### उत्तराखंड: मसूरी में ओले गिरे, 5 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट

प्रदेश में बारिश-बर्फबारी से राहत रहेगी, हालांकि देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, पौड़ी, नैनीताल में घना कोहरा छाया रहेगा। तीन धामों में को बर्फबारी हुई। मसूरी में आधे घंटे तक ओले गिरे। दो दिन तक मौसम सामान्य रहेगा। इसके बाद 6 फरवरी को बारिश के आसार है। उत्तर भारत के इलाकों में मौसम बदलने से प्रदेश में कोहरे का यलो अलर्ट है। बुधवार सुबह से ही पानीपत और कैथल समेत कई जिलों में जीरो विजिबिलिटी है। हालांकि अगले 4 दिनों तक राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि अभी सर्दी बनी रहेगी। रात के तापमान में भी गिरावट होगी।

**हिमाचल प्रदेश: आज घने कोहरे का अलर्ट:** प्रदेश में बारिश-बर्फबारी थमने के बाद आज 6 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से भी नीचे गिर सकती है। अगले 5 दिन मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। 6 फरवरी को चंबा और लाहौल स्पीति के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी जरूर हो सकती है।

## मध्य प्रदेश में मौसम का यू-टर्न, 20 जिलों में कोहरा, कल से नया सिस्टम देगा दस्तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले चार दिनों से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती सिस्टम के असर से जहां बारिश और ओलों ने कहर बरपाया, वहीं अब प्रदेश के बड़े हिस्से घने कोहरे की गिरफ्त में आ गए हैं। बुधवार सुबह ग्वालियर-चंबल अंचल समेत करीब 20 जिलों में हल्के से मध्यम, तो कहीं-कहीं घना कोहरा छाया रहा।हालांकि आज बारिश या ओलावृष्टि का कोई अलर्ट नहीं है, लेकिन राहत ज्यादा दिन की नहीं मानी जा रही। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि 5 फरवरी से एक और नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होगा, जिससे एक बार फिर मावठे का दौर शुरू हो सकता है।

**सुबह-सुबह धुंध ने थामी रफ्तार:** भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज जैसे जिलों में दृश्यता काफी कम रही। कई जगह वाहन चालकों को धीमी रफ्तार से चलना पड़ा।

**अगले दो दिन कैसा रहेगा मौसम:** 5 फरवरी: ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा और मऊगंज में घना कोहरा छाने के आसार हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में हल्के से मध्यम कोहरे का असर रहेगा।

**6 फरवरी:** अधिकांश जिलों में कोहरे की स्थिति बनी रहेगी, लेकिन बारिश का कोई अलर्ट नहीं है।